# पूर्वोत्तर रेलवे

रोजगार सूचना संख्या : का/227/स्कउट–गाइड/IX/12–13

प्रकाशन की तिथिः 12–02–2013, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथिः 11–03–2013

पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर मण्डल में वर्ष 2012–13 के लिये स्काउट/गाइड कोटा के अन्तर्गत पे बैन्ड 5200–20200 ग्रेड पे रु0 1800/– के 02 पदों को पात्र उम्मीदवारों से खुले बाजार से भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन करने के सम्बन्ध में विवरण निम्न प्रकार है :–

**शैक्षिक योग्यता** :– न्यूनतम कक्षा 10 उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अथवा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण होना चाहिये। इसमे कोई छूट देय नही होगी।

**स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता** :– 1– राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रेंजर/रोवर अथवा हिमालयन वुड बैज धारक अथवा प्री हिमालयन वुड बैज प्रशिक्षित स्काउट लीडर/एडवान्स्ड् ट्रेन्ड गाइड/लीडर/कैप्टन।

2– पिछले तीन वर्षो से वर्तमान तक स्काउट संगठन का सकिय सदस्य रहा हो तथा वर्तमान में भी सक्रिय हो।

3– राष्ट्रीय स्तर के एक तथा राज्य स्तर के एक अथवा दो आयोजन में भाग लिया हो अथवा यूनिट/जिला स्तर के स्काउट/गाइड गतिविधियों में भागीदारी का अच्छा रिकार्ड हो।

**आयु** :– दिनांक 01–01–2012 को आयु 18 से 33 वर्ष, अजा0/अजजा0 उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में नियमानुसार पॉच (05) वर्ष एवं अपिजा0 उम्मीदवारों को तीन (03) वर्ष की छूट देय होगी।

**प्रोसेसिंग शुल्क** :– रू0 40/– मात्र का भारतीय पोस्टल ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर के पक्ष में इज्जतनगर में देय हो। पोस्टल ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट इस अधि–सूचना के जारी किये जाने के पूर्व का नहीं होना चाहिये। अजा0/अजजा0 अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**आवेदन करने का तरीका** :– (क) इस अधि–सूचना के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप अनुसार आवेदन स्पष्ट अक्षरों में हिन्दी अथवा ॲंग्रेजी में पूर्ण रूप से सही प्रकार से भरा होना चाहिये। यथा स्थान पर आवेदक का हस्ताक्षर अवश्य होना चाहिये। आवेदन पत्र पर स्काउट/गाइड यूनीफार्म में एक नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो निर्धारित स्थान पर चिपकाने के पश्चात् राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिये तथा आवेदक द्वारा स्वहस्ताक्षरित भी हो, जिसमें आधा हस्ताक्षर फोटो पर तथा आधा

हस्ताक्षर बाहर हो। साथ ही ऐसे ही 02 अतिरिक्त फोटो नत्थी करें एवं अपना पता लिखा हुआ 4'' X 9'' के 02 लिफाफे संलग्न करें।

(ख) आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, स्काउटिंग/गाइडिंग सम्बन्धी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित छाया प्रति, बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर एवं स्काउट/गाइड यूनीफार्म में दो अतिरिक्त पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न होना चाहिये। पोस्टल ऑर्डर में यथा निर्धारित स्थान पर/बैंक ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी का नाम एवं पता लिखा होना चाहिये। किसी भी परिस्थिति में शुल्क की वापसी नही होगी। आवेदन पत्र में हस्ताक्षर करने के स्थान पर पूरा हस्ताक्षर होना चाहिये। लघु हस्ताक्षर अथवा अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में किये गये हस्ताक्षर मान्य नही होंगे। निर्धारित स्थान पर बॉक्स के अन्दर बायें हाथ का अंगूठा का स्पष्ट निशान होना चाहिये।

(ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिये जाति प्रमाण तथा अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के मामले में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चालू वर्ष का क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र की राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित छाया प्रति संलग्न होना आवश्यक है।

(घ) इस अधि–सूचना के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप पर पिछले तीन वर्षो से वर्तमान तक स्काउट/गाइड संगठन का सक्रिय सदस्य रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिये।

(ड़) पूर्ण रुप से भरे गये आवेदन वांछित संलग्नको के साथ <u>साधारण डाक</u> से <u>पोस्ट बॉक्स नं0–05, हेड पोस्ट ऑफिस, बरेली–243001 (उ0प्र0)</u> के पते पर अन्तिम रूप से <u>दिनांक 11–03–2013, समय 17:00 बजे</u> तक पहुॅच जाना चाहिये। अन्तिम तिथि एवं समय में कोई छूट देय नहीं होगी। सभी उम्मीदवारो को लिफाफे के ऊपर स्काउट/गाइड कोटा के अन्तर्गत ग्रेड पे रु0 1800/– में भर्ती हेतु आवेदन पत्र, रोजगार सूचना संख्या तथा जाति स्पष्ट रुप से लिखा होना चाहिये। डाक विलम्ब अथवा डाक विभाग की किसी भी अन्य त्रुटि के लिये रेल प्रशासन जिम्मेदार नही होगा। किसी भी प्रकार से अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण फॉर्म तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद अथवा किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जायेगा। आवेदन करने के बाद किसी प्रकार की पूछताछ तथा पत्राचार के प्रयास को अन्यथा मानते हुये आवेदन निरस्त किया जा सकता है। अस्वीकृत आवेदनो के मामलो मे किसी प्रकार का कोई पत्राचार नही किया जायेगा।

**चयन प्रक्रिया :–** न्यूनतम पात्रता सम्बन्धी शर्तो को पूरा करने वाले अभ्यर्थियो का चयन स्काउट/गाइड संगठन एवं गतिविधियों से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ (Objective type) प्रश्नों की लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं स्काउट/गाइड शिक्षा के व्यक्तिगत परीक्षण के द्वारा मेरिट के आधार पर किया जायेगा। केवल आवेदन पत्र देने या पैनल पर आने मात्र से ही नियुक्ति की कोई गारंटी नही होगी। पैनल पर आने के बाद निर्धारित स्वास्थ्य परीक्षण में सफल पाये जाने पर, चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन के सही पाये जाने पर, नियुक्ति की अन्य औपचारिकतायें पूरी करने पर व अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण

पत्रों के सही पाये जाने पर ही अंतिम रुप से नियुक्ति हेतु विचार किया जायेगा। लिखित परीक्षा कुल पचास (50) अंको की होगी जिसमें पचास (50) वस्तुनिष्ठ (Objective type) प्रश्न होंगे। साक्षात्कार के पन्द्रह (15) अंक एवं स्काउट/गाइड शिक्षा के व्यक्तिगत परीक्षण के पैंतीस (35) अंक होंगे। योग्य उम्मीदवारों की परीक्षा की तिथि, स्थान एवं समय की सूचना डाक के माध्यम से Under Certificate of Posting द्वारा दी जायेगी। पात्रता सम्बन्धी आवेदन की स्वीकृति/अस्वीकृति, परीक्षा का स्थान, तिथि आदि सभी मामलों में चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

**परीक्षा का पाठ्यक्रम** :– स्काउट/गाइड संगठन का इतिहास, नियम तथा प्रतिज्ञा, संगठन – जिला एवं राज्य स्तर, प्रशिक्षण केन्द्र – जिला एवं राज्य स्तर, किताबी ज्ञान, भारत में लड़कों के लिये स्काउटिंग/लड़कियों के लिये गाइडिंग, उद्‌देश्य – Left Hand Shake, सैल्यूट, प्रार्थना, ध्वज गीत, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय तथा स्काउटिंग ध्वज सम्बन्धी जानकारी, विभिन्न अवसरों पर समाज सेवा, हाइकिंग, दक्षता बैज (Proficiency Badges), इन्हें प्राप्त करने के तरीके, स्काउटिंग/गाइडिंग में स्तर, चिन्तन दिवस, Progressive Training of Scouts / Guides / Rovers / Rangers, पायोनियरिंग, हस्तकला, भारतीय रेलवे जम्बूरी, राष्ट्रीय जम्बूरी, हवाई जम्बूरी।

**आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि एवं समय** :– दिनांक 11–03–2013, सॉयंः 17:00 बजे तक। उक्त विज्ञापन पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है ।

## पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर मण्डल

## वर्ष 2012–13 के लिये स्काउट/गाइड कोटा के अन्तर्गत ग्रेड पे रु0 1800/– में भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

रोजगार सूचना संख्याः का/227/स्काउट–गाइड/IX/12–13 दिनांक 12–02–2013।

क्रमॉक : (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

स्काउट/गाइड यूनीफार्म युक्त नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकायें जो कि राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हो तथा स्वहस्ताक्षरित भी हो जिसमें आधा हस्ताक्षर फोटो पर तथा आधा हस्ताक्षर बाहर हो।

सेवा में,
मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर।

रोजगार सूचना संख्या का/227/स्काउट–गाइड/IX/12–13 दिनांक 12–02–2013 के संदर्भ में ग्रेड पे रु0 1800/– में भर्ती हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1– नामः हिन्दी में :–

अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में :–

2– पिता/पति का नाम :–

3– लिंगः पुरूष/महिला :–

4– जन्म तिथि :–

5– दिनांक 01–01–2012 को आयु :– वर्ष माह दिन।

6– शैक्षिक योग्यता :–

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

7– पत्राचार का पूरा पता :–

8– स्थाई पता :–

9– बायें हाथ का स्पष्ट अंगूठा निशान :–

10– समुदाय (सामान्य/अपिव0/अजा0/अजजा0) :–

11– नजदीकी रेलवे स्टेशन :–

12– दो पहचान चिन्ह :– (क)

(ख)

13–स्काउटस्/गाइडस् गतिविधियों में विगत भागीदारी एवं पात्रता का विवरण :–

(क) कार्य ग्रहण करने की तिथि :

(ख) वर्ग का नाम एवं स्काउटिंग/गाइडिंग में रैंक :–

| वर्ष | राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर | स्काउट/गाइड योग्यता (प्रशिक्षण) | अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता | राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता | राज्य स्तर की सहभागिता | जिला स्तर की सहभागिता | स्काउटिंग/गाइडिंग की अन्य गतिविधियॉ | अन्य विवरण यदि कोई हो तो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

14–राष्ट्रीयता :–

15– संलग्न प्रमाण पत्रों का विवरण :–

1–　　2–
3–　　4–
5–　　6–
7–　　8–
9–　　10–

16– भारतीय पोस्टल ऑर्डर/बैंक ड्राफट् का विवरण :–

| पोस्ट ऑफिस/बैंक का नाम | भारतीय पोस्टल ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट संख्या | जारी होने की तिथि | मूल्य |
|---|---|---|---|
| | | | |

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये ऊपर लिखित विवरण पूर्ण एवं सत्य है। यदि किसी भी स्तर पर इनमे से कोई भी विवरण अथवा/एवं तथ्य असत्य अथवा/एवं गलत पाया जाता हैं तो मेरे विरूद्व उचित कार्यवाही की जा सकती है तथा बिना किसी पूर्व सूचना के मेरी पात्रता निरस्त की जाये और मेरी नियुक्ति के उपरान्त भी रेल प्रशासन को बिना किसी पूर्व सूचना के मेरी सेवायें समाप्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि यदि मेरा चयन उक्त कोटा के अधीन किया जाता है तो मैं हमेशा स्काउट/गाइड संगठन के प्रति निष्ठावान रहूँगा/रहूँगी। इसके सभी नियमों का पालन करता रहूँगा/रहूँगी तथा सामान्य कार्यो के अतिरिक्त मुझे सौंपे गये सभी कार्यो को मैं पूरी निष्ठा के साथ करुंगा/करुंगी।

स्थान :–  उम्मीदवार का हस्ताक्षर :–

दिनांक :–  उम्मीदवार का नाम :–

## प्रमाण पत्र

## जिस किसी से सम्बन्धित हो

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.......................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .............................................ने विगत ........... वर्षो से भारत स्काउट/गाइड संगठन द्वारा किये गये विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया है। इनके द्वारा स्काउट/गाइड की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले आयोजनो का विवरण निम्न है :—

| | |
|---|---|
| 1— | 2— |
| 3— | 3— |
| 5— | 6— |
| 7— | 8— |
| 9— | 10— |

स्थान :—

दिनांक :—

यूनिट प्रमुख का हस्ताक्षर
ग्रुप मुहर के साथ

जिला आयुक्त का हस्ताक्षर
मुहर के साथ